वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अहिंसा का महत्त्व और विश्व अहिंसा-दिवस की अवधारणा

सुरेन्द्र सिंह पोखरणा (भू.पू. वैज्ञानिक, इसरो)

आज अहिंसा और जीवदया की सबसे अधिक आवश्यकता है। सन १९७० से २०१० के चालीस वर्ष के अंतराल में पृथ्वी के आधे जीव-जंतु और पशु नष्ट हो गये। हर वर्ष पृथ्वी से लगभग २५,००० जीवों की प्रजातियाँ लुप्त हो रही हैं, जैसे कि आजकल काला हिरन, तितलियाँ, बिच्छू, सांप, चिड़िया वगैरह कम देखने को मिलते हैं। मेडिटेरनियन समुद्र (यूरोप और अफ्रीका के बीच) पर स्थित लगभग २० देशों द्वारा हर वर्ष लगभग २५० लाख चिड़ियाओं की हत्या की जाती है। एक और अन्य वेबसाइट के अनुसार हर वर्ष मांसाहार के लिये लगभग १५,००० करोड़ (१५० बिलियन) जीवों की हत्या की जाती है। इस वेबसाइट में एक काउण्टर लगा है जो हर समय में मरनेवाले जीवों की संख्या देता है। उसके नीचे दी गयी तालिका में लेखक ने जब दो मिनट तक इस वेबसाइट को देखा, उस दौरान पूरे विश्व में मारे गये जीवों की संख्या दी गयी है[1]

कुछ वैज्ञानिकों के अनुसार इस पृथ्वी पर बढ़ते हुए प्रदूषण, जनसंख्या और वातावरण में बदलाव के कारण, अब सिर्फ छः वर्ष बचे हैं, जिसके बाद,

---

1.जब http://www.adaptt.org/killcounter.html वेबसाइट खोली उसके दो मिनट के अंतराल में मारे गए जीवों की संख्या यानि जुलाई २९ को दोपहर में ०४:४० से ०४:४२ के बीच के २ मिनट में निम्न थी-

३३६,४०१ समुद्री जीव	१७१,५४६ मुर्गियाँ
८,४५५ बतख	४,६५० सूअर
३,२०३ खरगोश	२,५८३ तुरकेयस (एक प्रकार की चिड़िया)
१,९९२ एक तरह का हंस	१,९२५ भेड़
१,२९० बकरे	१,०९१ गायें और बछड़े
२४३ चूहे	२३५ कबूतर और दूसरी चिड़ियाएँ
६० भैंसे	५२ कुत्ते
१५ बिल्लियाँ	१५ घोड़े
११ गधे और खच्चर	७ उँट वगेरह

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हमारी प्यारी पृथ्वी पर ऐसे परिवर्तन होना शुरू हो जायेंगे जिनको वापस ठीक करना असंभव हो जायेगा।

एक और अन्य वैज्ञानिक शोध के अनुसार हमारी पृथ्वी धीरे-धीरे छठे विलोपन (extinction) की ओर बढ़ रही है। पूर्व में पृथ्वी पर पाँच मुख्य विलोपन (extinctions) हो चुके हैं। यानि ऐसा पहले पाँच बार हुआ है जब पृथ्वी पर बसनेवाली प्रजातियों की संख्या में जबरदस्त कमी हुई थी। वैज्ञानिक स्वीकार करते हैं कि पूर्व के ये विलोपन प्राकृतिक थे परंतु छठा विलोपन जिसकी ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं वह मुख्यरूप से मनुष्यों के क्रिया-कलापों के कारण होगा। छठे विलोपन का मुख्य कारण मनुष्यों के द्वारा वातावरण और जलवायु में परिवर्तन, जीव जन्तुओं के निवासों को नष्ट करना, बढ़ता हुआ प्रदूषण, बढ़ता हुआ मांसाहार, यातायात के साधनों द्वारा होनेवाली जीवों की हानि, विशेषकर समुद्री जीवों का मारा जाना वगैरह।

ज्यों ज्यों औधोगिक विकास हो रहा है, पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। नए नए खतरनाक हथियारों और रासायनिक हथियारों को बनाया जा रहा है जिनसे लाखों लोगों को मारा जा सके या अर्ध-विक्षिप्त किया जा सके। एक अनुमान के अनुसार, आज विश्व के सब देश मिलकर हथियारों पर इतना खर्च कर रहे हैं कि उस राशि से पूरे विश्व की गरीबी और भुखमरी मिटायी जा सकती है।

अहिंसा एक ढंग से आर्थिक तंत्र से भी जुडी हुई है। जैसे कि अगर समाज में आर्थिकरूप से ज्यादा भेदभाव होंगे तो अहिंसा के भाव पैदा नहीं हो सकते हैं। वर्तमान में कई देशों द्वारा जो हिंसा का रास्ता अपनाया जा रहा है, उसके पीछे कहीं न कहीं आर्थिक असमानता और आर्थिक भेदभाव के कारण स्पष्ट नजर आते हैं।

आजकल विकास का अर्थ सिर्फ आर्थिक विकास हो गया है। जैसे कि अगर किसी देश की आर्थिक विकास की दर ६ या ७ प्रतिशत है तो कोई ये नहीं पूछता है कि उस देश के आध्यात्मिक विकास की दर क्या है ? पर ऐसा लगता है कि विश्व में ज्यों ज्यों आर्थिक विकास हो रहा है, उतना ही वातावरण प्रदूषित

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हो रहा है तथा जीवों की संख्या कम होती जा रही है। ऐसा लगता है कि अब आध्यात्मिक विकास की दर को बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान देने कि जरूरत है।

अहिंसा का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है। अगर अमेरिका के सभी ३२ करोड़ नागरिक सिर्फ एक दिन के लिए केवल शाकाहार भोजन करें, तो पर्यावरण को निम्न फायदा होगा-४,००० करोड़ लीटर पानी की बचत होगी, पशु बचेंगे तो प्राकृतिक खाद में वृद्धि होगी जिस कारण खेतों में अन्न की पैदाइस बढेगी, पौष्टिक गोरसादि मिलने पर आरोग्य बढेगा, २८ करोड़ लीटर गैस की बचत होगी और ३३ टन एंटीबायोटिक की बचत होगी। ग्रीन हाउस गैसों के उत्पादन में कमी आएगी, जिसकी मात्रा होगी १२ लाख टन कार्बन डाई-ऑक्साइड, ३० लाख टन मिटटी का भूस्खलन, ४५ लाख टन पशुओं का मलमूत्र और ७ टन अमोनिया गैस वगेरह। शायद इसीलिए अमेरिकी राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा ने सभी अमरीका के नागरिकों को आह्वान किया है कि वे सप्ताह में एक बार मांसाहार का त्याग करें और जीवों कि रक्षा करें तथा पर्यावरण को बचाने में सहयोग करें।

ईसाई धर्मगुरु श्री पोप फ्रांसिस ने १८ जून २०१५ को पूरे विश्व के नागरिकों से अपील की है कि वे प्राणियों की रक्षा के लिए अपने खाने की आदतों को बदलें, क्योंकि इससे वातावरण को भी भारी नुकसान हो रहा है।

अहिंसा और जीव-दया सभी धर्मों का मूलमंत्र है। हिन्दू धर्म , जैन धर्म , बौद्ध धर्म , सिक्ख धर्म , ईसाई धर्म , इस्लाम धर्म , पारसी धर्म व अन्य समस्त धर्मों में अहिंसा और दया का महत्त्व किसी न किसी रूप में बताया गया है।

जैन धर्म में विशेषकर अहिंसा का महत्त्व है, विश्व को अहिंसा का संदेश देनेवाले भगवान महावीर के शासन में आ. श्री हीरविजयसूरीश्वरजी म.सा. के सदुपदेश से मुगल सम्राट अकरबर ने पर्युषण में जीव-हिंसा निषेध का फरमान जारी किया था। अहिंसा की आवश्यकता मात्र हिंदुस्तान में ही नहीं, पूरे विश्व में है।

वैसे अहिंसा जीवनभर सभी को आदरपूर्वक अपनाने जैसी बात है। फिर भी कम से कम पर्युषण पर्व, भगवान महावीर जन्मकल्याणक आदि दिनों में

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तो खासकर के उसका पालन होना चाहिए। आज विविध प्रकार के दिन मनाये जाते हैं, उसी तरह अभी कुछ समय पूर्व यानि २१ जून २०१६ को विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था जिसे सयुंक्त राष्ट्र संघ ने दो वर्ष मान्यता दी थी। उसी प्रकार सयुक्त राष्ट्र संघ ने २००७ में घोषणा की कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन २ अक्टूबर को "विश्व अहिंसा दिवस" के रूप में मनाया जाय। कम से कम एक सर्व धर्म सभा का आयोजन हर ग्राम, सब कस्बों और शहरों में करना चाहिए। अन्य देशों में भी ऐसे कार्यक्रम हों उसके लिए पहल करना चाहिए। अहिंसा के बारे में उपलब्ध साहित्य को घर-घर पहुँचाना चाहिए। अहिंसा विषय पर लघु फिल्मों का निर्माण करना और सब लोगों को दिखाना चाहिए। एक दिन के लिए उपवास या व्रत करना, मौन रखना, कम से कम एक जीव को बचाने का संकल्प लेना, एक दिन के लिये स्वतः मांसाहार का त्याग करना। एक वर्ष में कम से कम एक चीज का त्याग करना जिसको बनाने में कहीं न कहीं किसी प्राणी को कष्ट दिया गया हो या उसे मारा गया हो। जैसे की चमड़े के बने हुए बटुवे, बेल्ट इत्यादि। विश्व अहिंसा दिवस के दिन किसी भी मित्र या रिशतेदार को दुःख नहीं देना चाहये।

किसी न किसी निमित्त से विश्व में अहिंसा का पालन होता है तो वह आखिर समस्त मानव कल्याण के हित में ही होगा। संचार माध्यमों जैसे कि टेलीविज़न, इंटरनेट, ईमेल, पत्र-पत्रिकाओं, फेसबुक, ट्विटर द्वारा अहिंसा और उससे जुड़े पहलुओं का प्रचार करना चाहये। दूसरे संगठनों से भी निवेदन किया जाय कि वे भी अपने-अपने शहरों और गाँवों में जोर-शोर से अहिंसा का प्रचार प्रसार करें।

विश्व के सभी देशों के प्रतिनिधि जो दिल्ली में रहते हैं और सभी भारतीय संसद सदस्यों को, मुख्य-मंत्रियों को और अन्य जनप्रतिनिधियों को इसके बारे में निवेदन करना चाहिए।

सयुंक्त राष्ट्र संघ (U N O) विश्व के सभी देशों को हत्या, आतंक एवं युद्ध बंद करने की अपील करे।

विश्व में कहीँ भी इस दिन किसी को भी फांसी न दी जाय।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जिन अपराधियों को लंबी सजा हुई है पर उनका हृदय परिवर्तन हुआ है या उनके व्यहार में सुधार आया हो तो उनकी सजा में कटौती या उन्हें मुक्त करने पर विचार किया जाये।

सयुंक्त राष्ट्र संघ (U N O) से प्रार्थना है कि इस दिन विश्व के सारे देशों से विशेष अपील करे कि वे आने वाले पूरे वर्ष में हिंसा के स्थान पर अहिंसक विधियों को उपयोग करे, अहिंसा के सिद्धांतों को बढ़ावा दे और अहिंसा को व्यवहार में लाये।

अहिंसा के भाव की वृद्धि के लिये विश्व के सभी शस्त्र बनाने वाले कारखाने उस दिन शस्त्र बनाना बंद रक्खें।

सारे विश्व के बूचड़खाने एक दिन के लिए बंद रक्खे जायें ऐसा अनुरोध सभी बूचड़खानों के मालिकों से किया जाय और उन्हें अहिंसा के महत्त्व और विशेषकर पर्यावरण से इसका क्या सम्बन्ध है, उसके बारे में जानकारी दी जाय।

युवा वर्ग एवं बच्चों में अहिंसा की भावना पनपे ऐसे संवाद, नाटक, प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन किया जाय।

पर्यावरण दुषित करना भी हिंसा है, अतः इस दिन पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाले कार्य बंद हों।

मानव का पशु-पक्षी एवं पौधों और वनस्पितयों से भी प्यार बढे ऐसे वातावरण के निर्माण की शुरूआत की जाय।

सयुंक्त राष्ट्र संघ (U N O) के द्वारा अहिंसा पर श्रेष्ठ कार्य करनेवालों को प्रमाण पत्र और विशेष पुरुस्कारों से सम्मानित किया जाय। तथा देश की एवं राज्य की सरकारें भी अहिंसा का कार्य करने वाले लोगों के लिए कुछ पुरुस्कारों की घोषणा कर सकती हैं।

संदर्भ

1. http://www.un.org/apps/news/story.asp?NewsID=22926&Cr=non&Cr1=violence#.Vb9IQbWN36Y
2. http://www.telegraph.co.uk /news/earth/wildlife/11129163/Half-of-worlds-animals-have-disappeared-since-1970.html and

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

3. http://wwf.panda.org/about_our_earth/biodiversity/biodiversity/
4. http://www.takepart.com/article/2016/03/10/25-million-birds-are-illegally-killed-mediterranean-every-year
5. http://www.adaptt.org/killcounter.html
6. http://www.vegetarismus.ch/info/bilder_oeko/landuse_en.jpg
7. https://en.wikipedia.org/wiki/Environmental_impact_of_meat_production
8. http://www.alternet.org/story/134650/the_startling_effects_of_going_vegetarian_for_just_one_day.
9. Elizabeth Kolbert (2014) The sixth Extinction, Bloomsbury Publishing India Private Limited
10. https://www.theguardian.com/environment/radical-conservation/2015/oct/20/the-four-horsemen-of-the-sixth-mass-extinction

आभार : में पूज्यनीय आचार्य श्री राज्ययश सूरीश्वर महारासाहब का अत्यंत आभारी हूँ जिन्होंने अंतराष्ट्रीय अहिंसा दिवस को मनाने के लिए बहोत ही व्यावहारिक और महत्त्वपूर्ण सुझाव कल (अगस्त १०) को दिए हैं जिन्हें इस लेख में शामिल कर लिया गया है।

❖ ❖ ❖

પૂ. મુનિશ્રી પદ્મરત્નસાગરજી મ.સા. સમાધિપૂર્વક કાલધર્મ પામ્યા

રાષ્ટ્રસંત પ.પૂ. આ.ભ. શ્રીપદ્મસાગરસૂરીશ્વરજી મ. સા. ના સરલ સ્વભાવી સમતાસાધક શિષ્યરત્ન પૂ. મુ. શ્રી પદ્મરત્નસાગરજી મ. સા.પુષ્પદંત શ્રી જૈન સંઘ સેટેલાઈટ મધ્યે વ્યાધિજન્ય ઉપક્રમ લાગતાં નાની વયે સુંદર સંયમની આરાધના પૂર્વક મનુષ્ય સંબંધી આયુષ્ય પૂર્ણ કરી દિ. ૨૬/૭/૨૦૧૬ ના રોજ સમાધી પૂર્વક કાળધર્મ પામ્યા. પૂ. ગુરુભગવંતની પાવન નિશ્રામાં ઉચિત ઉત્તર ક્રિયા કરી પાલખી વેજલપુર ખાતે લઈ જવામાં આવી જેમાં વિવિધ શહેર અને સંઘોમાંથી અનેક મહાનુભાવો જોડાયા હતા. પૂજ્યશ્રી શ્રી મહાવીર જૈન આરાધના કેન્દ્રથી પ્રકાશિત થતા લઘુ પંચાંગના કાર્ય સાથે સંકળાએલા હતા. પૂજ્યશ્રીએ કૈલાસપદ્મ સ્વાધ્યાય સાગર કુલ ૯ ભાગ તથા અન્ય પણ બહુજનોપયોગી પ્રકાશનો સંપાદિત કરી સંસ્થાથી પ્રકાશિત કરાવ્યા હતા. જેમનો શ્રી સંઘમાં ખૂબ જ આદર થયો હતો. આવા મુનિશ્રીના ચરણોમાં ભાવભર્યા શ્રદ્ધા કુસુમ અર્પિત કરીએ છીએ.

For Private and Personal Use Only

पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रंथमाला एक परिचय

राहुल आर. त्रिवेदी

'जैनं जयति शासनम्' इस वाक्य से ही हमें अनुभूति होती है कि जैन धर्म शाश्वत है। इसमें कोई शंका नहीं है। कहा गया है 'धर्मो रक्षति रक्षितः' अर्थात् जो धर्म की रक्षा करता है उसकी रक्षा धर्म ही करता है। धार्मिक कार्यों के अनेक मार्ग हैं , उनमें शास्त्ररक्षा ही उत्तम धर्म माना गया है। इस प्रकार का कोई भी कार्य प्रभुकृपा से ही सम्पन्न होता है।

ऐसा ही एक कार्य २३वें तीर्थंकर भगवान् पार्श्वनाथ की जन्मभूमि काशी में हुआ। जहाँ जैन व प्राच्य विद्या के केन्द्र के रूप में पार्श्वनाथ विद्यापीठ की स्थापना की गई। जहाँ से कई विद्वानों ने सरस्वती की उपासना कर समाज में ख्याति प्राप्त की है। बहुत छात्रों ने एम.ए. तथा पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त कर जैन धर्म का आचार-विचार व उद्देश्य विश्वभर में फैलाया है।

इस पार्श्वनाथ विद्यापीठ से बहुत से ग्रंथों का प्रकाशन व संपादन हुआ है। इस कार्य में बहुत से विद्वानों ने परिश्रम कर शोधलेखों, शोधप्रबंध व ऐतिहासिक ग्रंथों का प्रकाशन किया है। इससे देश-विदेश में इसकी ख्याति हुई है और होती रहेगी।

पार्श्वनाथ संस्थान की स्थापना एवं उद्देश्य:

आज से लगभग ७९वर्ष पूर्व बनारस में श्री पार्श्वनाथ विद्याश्रम की स्थापना हुई थी। स्थापना के समय लक्ष्यबिन्दु यह था कि वर्तमान जैन समाज को ऐसे विद्वानों की आवश्यतकता है जो अपने विषय की गहराई में उतरे हों, जिनकी लेखनी में शक्ति हो और वाणी में ऐसा प्रभाव हो जो विश्वकल्याण को अपने जीवन का ध्येय बना सके।

ऐसे लक्ष्यबिंदु से पार्श्वनाथ विद्याश्रम की स्थापना 'श्री सोहनलाल जैन धर्म प्रचारक समिति-अमृतसर' की ओर से सन् १९३७ में की गई थी। प्रस्तुत समिति पंजाब के सुप्रसिद्ध जैनाचार्य पूज्य श्री सोहनलालजी महाराज की स्मृति में स्थापित हुई। जिसके मूल प्रेरक पंजाब केसरी जैनाचार्य पूज्य श्री काशीरामजी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

महाराज हैं और दिशा निर्देशन तथा मुख्य प्रयत्न भारतभूषण शतावधानी मुनि श्री रत्नचंद्रजी महाराज का है। अतः शतावधानीजी को चिरस्थायी बनाने के लिए उनके नाम पर विद्याश्रम के अंदर 'शतावधानी रत्नचंद्र पुस्तकालय' की स्थापना की गई।

अब बात यह थी की इस हेतु से ऐसा स्थान पसंद करना था जो विद्याओं का विशाल केंद्र हो। काशी पंडितों की नगरी रही है और हिंदु विश्वविद्यालय ने उसके महत्त्व को बढ़ाया था। यहाँ प्राच्य और प्रतीच्य विद्याओं का सुंदर मेल होने से इसे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो गई।

इसी प्रकार इस संस्था को भी उच्च स्थान प्राप्त हुआ। इस संस्था का नामकरण भी प्रभावित हुआ। क्योंकि काशी भगवान पार्श्वनाथ की जन्मभूमि है। इसलिए उन्हीं की पवित्र स्मृति में संस्था का नाम श्री पार्श्वनाथ विद्याश्रम रखा गया। यह नाम श्रमण संस्कृति के प्राचीन गौरवमय युग का भी स्मरण दिलाता है।

पार्श्वनाथ विद्यापीठ का लक्ष्य एवं दृष्टिकोण:

आधुनिक भाषाओं में शैक्षणिक कार्य व प्राचीन पाण्डुलिपियों के संपादन, प्रकाशन को बढ़ावा देना और जैन धर्म पर विशेष जोर देने के साथ-साथ श्रमण धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों पर मूल शोध को प्रकाशित करने के लिए इस विद्यापीठ की स्थापना की गई।

पुरातत्त्व अवशेषों व पाण्डुलिपियों के संरक्षण हेतु तथा उच्च शिक्षा, अनुसंधान, अनेकांतवाद व अहिंसा के सिद्धांतों को बढ़ावा देना इस संस्था का मुख्य ध्ययेय रहा है।

यह विद्यापीठ जैन अध्ययन हेतु एक अत्यन्त उपयोगी विश्वकोश के रूप में जाना जाता है। वैश्विक स्तर पर इस संस्थान को विकसित करने हेतु विदेशों में भी विद्वानों के साथ उपयोगी बातचीत के साथ-साथ विचारों के संभवित पारस्परिक आदान-प्रदान करने के प्रयास किए जाते रहे हैं।

पार्श्वनाथ विद्यापीठ का समग्र दृष्टिकोण सभी विभिन्न विचारधाराओं और धर्मों के गैर निरंकुश जैन तकनीकी विषयों के सिद्धांतों का उपयोग करने के

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लिए है। अनेकांतवाद और स्याद्वाद के साथ-साथ भारतीय धर्म और संस्कृति में प्रतिष्ठापित उच्च आध्यात्मिक मूल्यों व उनके तुलनात्मक अध्ययन को बढ़ावा देना हमारे प्राचीन आचार्यों और मुनियों का दायित्व है।

इसके अतिरिक्त यह संस्थान भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के माध्यम से अध्ययन, पर्यावरण और मानव जाति की सुरक्षा के लिए अहिंसा और शांति के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देता है।

महान सांस्कृतिक विरासत को समझने हेतु पुरावशेषों का संशोधन व संशोधनात्मक रचनाओं के प्रकाशन के लिए विशेष रूप से जैन धर्म एवं भारतीय संस्कृति से संबंधित पांडुलिपियों को संरक्षित करने के प्रति भी सजग है।

सौभाग्य से विद्या उपासना हेतु १९४८ में सरलता पूर्वक शोधकार्य विभाग प्रारंभ हुआ। इस तरह पुस्तकालय का विकास भी उत्तरोत्तर बढ़ता गया। इसके अगले साल ही १९४९ में दीपावली के अवसर पर 'श्रमण' मासिक पत्र का प्रकाशन प्रारम्भ किया गया।

इसके मूल में विद्याश्रम के विद्वानों का ही उत्साह था। उस श्रमण पत्रिका का उद्देश्य जैन संस्कृति को प्रकाश में लाना तथा जैन धर्म व दर्शन की बातों को सम्यक् रूप से जनता के समक्ष रखना एवं सुधारवादी विचारों को बढावा देना था। इस संस्था के सभी कार्य प्रशंनीय हैं।

१९५३ में जब इस संस्था ने जैन साहित्य का इतिहास नामक ग्रंथनिर्माण का संकल्प किया उस समय डॉ. वासुदेवशरण अग्रवाल अध्यक्ष थे और उनकी अध्यक्षता में अन्य विद्वानों के सहयोग से जैन साहित्य का बृहद् इतिहास आठ खंडों में प्रकाशित हुआ। आठवाँ भाग लगभग अप्रकाशित है। जैन साहित्य के बृहद् इतिहास का प्रकाशन इस संस्था की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस संस्था की उन्नति के मूल में पं. सुखलालजी, डॉ.मोतीचंदजी, श्री अगरचंद नाहटा, डॉ. ए. एन. उपाध्ये और दलसुख मालवणिया जैसे विविध विद्वानों का परिश्रम है। इस संस्था से चार ग्रंथमाला जुड़ी हुई हैं जो इस प्रकार हैं-

१. पार्श्वनाथ विद्याश्रम ग्रंथमाला,

२. पार्श्वनाथ विद्याश्रम लघु प्रकाशन,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

३. पार्श्वनाथ शोधपीठ ग्रंथमाला,

४. पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रंथमाला।

इन ग्रंथमालाओं के साथ चार प्रकाशक जुड़े हुए हैं-

१. पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान,

२. पार्श्वनाथ शोधपीठ,

३. सोहनलाल जैन धर्म प्रसारक समिति व,

४. सोहनलाल स्मारक पार्श्वनाथ शोधपीठ।

इतने प्रकाशक नामों के साथ इस संस्थान ने ग्रंथों के अनुसार ग्रंथमालाओं को चलाकर कृतियाँ प्रकाशित की हैं। ये सभी ग्रंथमाला आपस में जुडी हुई हैं। पार्श्वनाथ संस्थान के निदेशक के रूप में कार्य करते हुए विविध विद्वानों ने प्रशंनीय कार्य किए हैं।

प्रारंभ में संस्थान का नाम पार्श्वनाथ विद्याश्रम था और बाद में अपर नाम पार्श्वनाथ विद्यापीठ स्थापित हुआ। अतः उस समय के कार्यकालीन निदेशकों के परिश्रम से यह संभव हुआ है। डॉ. सागरमलजी जैन जैसे मूर्धन्य विद्वान के निर्देशन कार्यकाल में पार्श्वनाथ विद्यापीठ ने सफलता की महत्तम ऊँचाईयों को प्राप्त किया। इन्हींके मार्गदर्शन से यहाँ देश-विदेश के विद्वानों ने अध्ययन-संशोधन का कार्य किया। डॉ. सागरमलजी ने विविध ग्रंथों को प्रधान संपादक के रूप में संपादित किया। इन्हीं कारणों से डॉ. सागरमल जैन इस ग्रंथमाला के प्रधान संपादक के रूप में सम्मानित हैं।

संपादक/संशोधक आदि का संक्षिप्त परिचय:

पार्श्वनाथ संस्थान के उन्नयन में डॉ. सागरमलजी जैन व अन्य निदेशक, संशोधक और प्रोफेसर आदि विद्वानों का भी बहुमूल्य योगदान रहा है। जब ई.सन्१९४४ में इस संस्थान में दलसुखभाई मालवणिया प्रोफेसर पद पर नियुक्त हुए, तब तत्कालीन कुलपति डॉ.राधाकृष्णन् भी दलसुखभाई से अत्यन्त प्रभावित हुए थे।

डॉ. मालवणिया ने इस संस्थान को सेवा प्रदान करते हुए विविध महत्त्वपूर्ण

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ग्रंथों का संपादन एवं संशोधन किया है। इस संस्था को प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर करनेवाले विद्वान् निदेशकों के नाम इस प्रकार हैं- डॉ. शांतिलाल वनमाली शेठ, डॉ. कृष्णचंद्राचार्य, डॉ.मोहनलाल मेहता, डॉ. सागरमल जैन, डॉ.भागचंद्र जैन, डॉ. माहेश्वरी प्रसाद आदि। वर्तमान में डॉ. सुगन सी.जैन के निर्देशन में यह संस्थान अकादमिक प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

इस ग्रंथमाला के अंतर्गत प्रकाशित व संपादित विशिष्ट ग्रंथों का संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है-

ऐतिहासिक कृतियाँ:

जैन साहित्य का बृहद् इतिहास- पंडित दलसुखभाई मालवणिया, डॉ. मोहनलाल मेहता तथा डॉ. सागरमलजी जैन के द्वारा सम्पादित जैन साहित्य का बृहद् इतिहास जैन साहित्य के क्षेत्रमें सम्पादन व संशोधन करनेवाले विद्वानों के लिए एक महत्त्वपूर्ण व उपयोगी ग्रन्थ है।

पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, वाराणसी द्वारा प्रकाशित इस ग्रन्थ में विशाल जैन साहित्य का सर्वांग परिचय दिया गया है। इसके प्रस्तावित आठ भागों में से अबतक सात भागों का प्रकाशन हो चुका है। इनमें निम्नलिखित विषयों का समावेश किया गया है-

भाग-१, अंग आगम का परिचय- इस भाग के लेखक पं. बेचरदासजी हैं। प्रस्तुत भाग में मुख्य रूप से ग्यारह अंग आगमों का परिचय दिया गया है और अन्त के तीन परिशिष्टों में बारहवें अंग दृष्टिवाद, अचेलक परंपरा तथा आगमों के संशोधन व प्रकाशन पर प्रकाश डाला गया है।

भाग-२, अंग बाह्य आगम का परिचय- इस भाग के लेखक डॉ. जगदीशचंद्र जैन तथा डॉ. मोहनलाल मेहता हैं। इसमें बारह उपांगों, छः छेदसूत्रों तथा नंदी व अनुयोग दो चूलिकाओं का परिचय दिया गया है और अन्त में इन आगमों में प्रयुक्त शब्दों की अकारादि अनुक्रमणिका दी गई है।

भाग-३, आगमों के व्याख्यात्मक साहित्य का परिचय- इस भाग में आगमों के टीकादि कृतियों का सर्वांगीण परिचय प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार भाग-1 से 3 का अध्ययन करने से पाठकों को समस्त मूल आगमों तथा उनकी निर्युक्ति,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भाष्य, चूर्णि तथा विविध टीकाओं का पूर्ण परिचय प्राप्त हो सकता है। अन्त में इस ग्रन्थ में प्रयुक्त शब्दों की अकारादि अनुक्रमणिका भी दी गई है।

भाग-४, कर्मसाहित्य व आगमिक प्रकरणों का परिचय- इस भाग में आगमिक प्रकरणों तथा कर्मसाहित्य का परिचय दिया गया है। कर्मसाहित्य का परिचय डॉ. मोहनलाल मेहता ने दिया है तथा आगमिक प्रकरणों के विषय में प्रो. हीरालाल कापडिया के द्वारा लिखे गए गुजराती परिचय का प्रो. शांतिलाल वोरा के द्वारा किया गया हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया गया है।

भाग-५, दार्शनिक व लाक्षणिक साहित्य का परिचय- इस भाग के लेखक पंडित अंबालाल शाह हैं। इस ग्रन्थ में लेखक ने छंद-अलंकार, शकुन, ज्योतिष, व्याकरणादि २७ लाक्षणिक विषयों के साहित्य का परिचय प्रस्तुत किया है, जो प्राचीनकाल में प्रचलित विषय थे और आज भी उपयोगी माने जाते हैं।

भाग-६, काव्य-साहित्य का परिचय- डॉ. गुलाबचंद्र चौधरी द्वारा लिखित इस भाग में मुख्य रूप से जैन काव्य साहित्य का परिचय प्रस्तुत किया गया है। जैन काव्य-साहित्य का तात्पर्य उस विशाल साहित्य से है, जो दृश्य, श्रव्य, चम्पू आदि के रूप में लिखा गया हो।

इसके प्रथम खण्ड में पौराणिक महाकाव्य तथा सभी प्रकार की कथाएँ, दूसरे खण्ड में ऐतिहासिक काव्य, प्रबन्ध साहित्य, प्रशस्तियाँ, पट्टावलियाँ, प्रतिमालेख, विज्ञप्तिपत्रादि तथा तृतीय खण्ड में ललित वाङ्मय, छंद-अलंकार, नाटकादि विषय पर लिखे गए साहित्य का परिचय प्रस्तुत किया गया है।

भाग-७, तमिल, कन्नड व मराठी जैन साहित्यों का परिचय- पं. के. भुजबली शास्त्री द्वारा लिखित इस खण्ड में दक्षिण भारतीय भाषाओं में रचित साहित्यों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया है। इसके तीन उपविभागों के अन्तर्गत कन्नड, तमिल व मराठी जैन साहित्य का परिचय प्रस्तुत किया गया है।

भाग-८, अपभ्रंश साहित्य का परिचय- प्रायः अप्रकाशित.

उपयोगिता- इसके उपयोग से विद्वानों तथा शोधकर्त्ताओं का कार्य अत्यन्त सरल हो जाता है। ग्रन्थसूची तथा संशोधन-संपादन के कार्य में इस के उपयोग से बहुत ही सरलता होती है। इसके अध्ययन से आगमादि जैन साहित्य, उसके

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीकाग्रन्थ, कर्मसाहित्य, प्रकरणादि, लाक्षणिक साहित्य, जैन काव्य साहित्य तथा दक्षिण भारतीय भाषाओं में रचित जैन साहित्य के विषय में प्रामाणिक परिचय प्राप्त हो सकता है।

हिंदी जैन साहित्य का बृहद् इतिहास- हिन्दी भाषा का प्राचीनतम स्वरूप जो जैन साहित्य के रूप में सुरक्षित है उससे हिंदी विद्वत् जगत् आज भी अपरिचित है। यह चार भागो में प्रकाशित हुआ है।

भाग-१ में मरु-गुर्जर या प्राचीन हिंदी के आदिकाल से लेकर १६वीं शती के अंत तक के कवियों और उनकी रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दिया गया है।

भाग-२ में १७वीं शताब्दी (वि.सं.१६०१-१७००) के हिंदी जैन लेखकों की रचनाओं का विवरण दिया गया है।

भाग-३ में १८वीं (वि.सं.१७०१-१८००) तक हुए जैन साहित्यकारों और उनकी सुलभ रचनाओं का विवरण दिया गया है। इस काल को स्वर्ण युग माना जाता है।

भाग-४ में १९वीं (वि.सं.१८०१-१९००) शताब्दी के जैन साहित्यकारों के साहित्य का विवरण दिया गया है। इस तरह इस इतिहास से लोकोपयोगी जैन साहित्य एवं साहित्यकारों का परिचय प्राप्त होता है।

तपागच्छ का इतिहास- श्वेतांबर मूर्तिपूजक समुदाय में तपागच्छ का स्थान सर्वोपरि है। वि.सं.१२८५ में आचार्य जगच्चंद्रसूरि को आघाटपुर के शासक जैत्रसिंह से 'तपा' बिरुद् प्राप्त हुआ था। इस आधार पर उनकी शिष्य संतति तपागच्छीय कहलायी।

इस शोधकार्य के लेखक डॉ. शिवप्रसाद हैं। इन्होंने प्रारंभ से २०वीं शताब्दी तक के इतिहास को व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया है।

अचलगच्छ का इतिहास- श्वेतांबर मूर्तिपूजक समुदाय में अचलगच्छ का अंत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है। वि.सं. ११६९ में आचार्य आर्यरक्षितसूरि के द्वारा विधिमार्ग की प्ररूपणा और उसका पालन करने के कारण यह गच्छ अस्तित्व में आया।

इस गच्छ के गौरवशाली आचार्यों का विवरण इस ग्रन्थ में दिया गया है।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इसमें समय-समय पर विभिन्न कारणों से अन्य शाखायें अस्तित्व में आयीं, जिनमें मुख्य रूप से कीर्तिशाखा, गोरक्षशाखा, चंद्रशाखा, पालितानाशाखा, लाभशाखा और सागरशाखा आदि प्रमुख हैं। इसमें उन सभी शाखाओं का वर्णन किया गया है। इस महत्त्वपूर्ण कृति के लेखक डॉ. शिवप्रसाद हैं।

स्थानकवासी जैन परंपरा का इतिहास- इस ग्रन्थ के लेखक डॉ. सागरमल जैन व डॉ. विजय कुमार जैन हैं। इस इतिहास के लेखन में मुख्य रूप से सूचनाएँ भिन्न-भिन्न ग्रन्थों से संकलित की गई हैं।

इसमें वर्णित गुजरात की परम्परा का इतिहास लेखन में अधिकांश सूचनायें 'आ छे अणगार अमारा' और 'मुनि श्री रूपचंदजी अभिनंदन ग्रंथ' से संकलित हुई हैं। साध्वीवृंद का उल्लेख नहीं हो पाया है। इस इतिहास ग्रंथ को ई. सन् २००२ तक अद्यतन बनाने का प्रयास किया गया है।

मध्यकालीन हिंदी साहित्य पर जैन दर्शन का प्रभाव- इस ग्रन्थ के लेखक डॉ. रमेश कुमार गादिया हैं। इन्होंने इस ग्रंथ को सात अध्यायों में विभाजित किया है। मध्यकालीन हिंदी जैन साहित्य की ज्ञात रचनाओं पर ही विचार करें तो वि.सं. १२०१ से लेकर वि.सं. १६०० तक, इन चार सौ वर्षों की अवधि की लगभग १५०० रचनाएँ उल्लेखित हैं। इनके लेखकों की संख्या भी लगभग १००० है। यही जैन साहित्य की व्यापकता है। ऐतिहासिक दृष्टि से यह कर्ता का महत्त्वपूर्ण व उत्तम शोधकार्य है।

इस तरह अन्य भी कई विशिष्ट ग्रंथों का प्रकाशन श्रीपार्श्वनाथ विद्यापीठ से हुआ है। जैसे उत्तराध्ययन सूत्र एक परिशीलन, कर्मविपाक अर्थात् कर्मग्रंथ, जैनधर्म और पर्यावरण संरक्षण, सागर जैन विद्या भारती जैसे अनेक ग्रंथ प्रकाशित हुए है। आचार्य श्रीकैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर में उनमें से १५२ ग्रंथ सुरक्षित रूप से उपलब्ध है।

'आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर, कोबा' में उपलब्ध प्रकाशनों के आधार पर पार्श्वनाथ विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित ग्रन्थमालाओं की सूचनाओं का संकलन कर इस लेख में संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत किया गया है। आशा है इस संकलन के माध्यम से वाचकगण लाभान्वित होंगे।

For Private and Personal Use Only

पर्युषण दौरान १२ दिन अहिंसा प्रवर्तन के बारे में विवेकहर्ष, परमानन्द, महानन्द, उदयहर्ष को जहाँगीर बादशाह का फरमान

अल्ला हो अकबर

(ता० २६ माह फर्वरदीन, सन् ५ के करार मुजीब के फरमान की)

तमाम रक्षित राज्यों के बड़े हाकिमों, बड़े दीवानों, दीवानी के बड़े-बड़े काम करने वालों, राज्य कारोबार का बन्दोबस्त करने वालों, जागीरदारों और करोड़ियों को जानना चाहिये कि दुनिया को जितने के अभिप्राय के साथ हमारी न्यायी इच्छा ईश्वर को खुश करने में लगी हुई है और हमारे अभिप्राय को पूरा हेतु तमाम दुनिया को जिसे ईश्वर ने बनाया है—खुश करने की तरह रजू हो रहा है। उसमें भी खास करके पवित्र विचार वालों और मोक्ष धर्म वालों को जिनका ध्येय सत्य की शोध और परमेश्वर की प्राप्ति करना है—प्रसन्न करने की ओर हम विशेष ध्यान देते हैं। इसलिए इस समय विवेकहर्ष, परमानन्द, उदयहर्ष, तपा. यति (तपागच्छ के साधु) विजयसेनसूरि, विजयदेवसूरि और नन्दिविजयजी, जिनको "खुशफहम" का खिताब है के शिष्य हैं, हमारे दरबार में थे। उन्होंने दरखास्त और विनती की कि—"यदि सारे सुरक्षित राज्य में हमारे पवित्र बारह दिन जो भावी के पर्यूषण के दिन हैं तक हिंसा करने के स्थानों में हिंसा बन्द कराई जायेगी तो इससे हम सम्मानित होंगे और अनेक जीव आपके उच्च और पवित्र हुक्म से बच जायेंगे इसका उत्तम फल आपको और आपके मुबारकि राज्य को मिलेगा।"

हमने शाही रेम-नजर हरेक धर्म तथा जाति के कामों में उत्साह दिलाने बल्कि प्रत्येक प्राणी को सुखी कर दुनिया का माना हुआ और मानने लायक जहाँगीरी हुक्म हुआ कि उल्लिखित बारह दिनों में प्रतिवर्ष हिंसा करने के स्थानों में, समस्त सुरक्षित राज्य में प्राणी हिंसा न करनी चाहिए और न करने की तैयारी ही करनी चाहिये इसके सम्बन्ध में हर साल नया हुक्म नहीं मांगना चाहिए, इसको अपना कर्त्तव्य समझना चिहिए।

नम्रतिनम्र, अबुल्खैर के लिखने से और महम्मदसैयद की नोंध से।

(कु. नीना जैन संपादित पुस्तक- 'मुगल सम्राटों की धार्मिक नीति पर जैन सन्तों (आचार्यों एवं मुनियों) का प्रभाव' मे से साभार)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सम्राट संप्रति संग्रहालय, कोबा स्थित फरमान, जिसे जैनमुनि विवेकहर्ष आदि के उपदेश से बादशाह जहाँगीर द्वारा पर्युषण में १२ दिन राज्य में अहिंसा पालन हेतु जारी किया गया. (हिन्दी अनुवादार्थ देखें पृष्ठ ३२)

For Private and Personal Use Only

Registered Under RNI Registration No. GUJMUL/2014/66126 SHRUTSAGAR (MONTHLY). Published on 15th of every month and Permitted to Post at Gift City SO, and on 20th date of every month under Postal Regd. No. G-GNR-338 issued by SSP GNR valid up to 31/12/2018.

प. पू. राष्ट्रसंत आचार्य श्री पद्मसागरसूरिजी म. सा. के शिष्यरत्न
प. पू. मुनिश्री पद्मरत्नसागरजी म. सा. समाधि पूर्वक कालधर्म प्राप्त हुए.
पुष्पदंत जैन संघ, सेटेलाइट से निकली पालखी का दृश्य.

BOOK-POST / PRINTED MATTER

प्रकाशक
श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र, कोबा
आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर गांधीनगर ३८२००७
फोन नं. (०७९) २३२७६२०४, २०५, २५२, फेक्स (०७९) २३२७६२४९
Website : www.kobatirth.org
email : gyanmandir@kobatirth.org

Printed and Published by : HIREN KISHORBHAI DOSHI, on behalf of SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat. And **Printed at :** NAVPRABHAT PRINTING PRESS, 9, Punaji Industrial Estate, Dhobighat, Dudheshwar, Ahmedabad-380004 and **Published at :** SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, New Koba, Ta.&Dist. Gandhinagar, Pin-382007, Gujarat.
Editor : HIREN KISHORBHAI DOSHI

For Private and Personal Use Only